हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 19 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को आने वाले गणतंत्र दिवस की बधाई दी। श्री मोदी ने कहा

प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब आंबेडकर, डॉ० राजेंद्र प्रसाद और डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए नागरिकों से कहा कि वे इन महान नेताओं के विचारों से प्रेरणा लेकर देश के हित में काम करें। श्री मोदी ने अपने विचार साझा करते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मनाया जा रहा राष्ट्रीय मतदाता दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि इसी दिन भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी। श्री मोदी ने कहा:-

प्रधानमंत्री ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्ष चुनाव करवाने की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ का ज़िक्र भी किया।

श्री मोदी ने कहा कि युवा भी बड़ी संख्या में कुंभ स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति के साथ स्वाभिमान के साथ जुड़ती है तो इसकी जड़े और भी मज़बूत होती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ समानता और भाईचारे का एक अद्भुत संगम है।

श्री मोदी ने कहा कि इस बार कुंभ में बड़े स्तर पर डिजिटल प्रबंध देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ की वैश्विक लोकप्रियता प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है।प्रधानमंत्री ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के समारोह में लाखों राम भक्तों ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए और पौष

शुक्ल द्वादशी पर उनका आशीर्वाद लिया। श्री मोदी ने ज़ोर देकर कहा कि देश की विरासत के संरक्षण के लिए प्रयत्न होने चाहिए और विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए इस से प्रेरणा लेनी चाहिए।प्रधानमंत्री ने अपने विचार साझा करते हुए मनुष्यों एवं पशुओं के बीच अद्भुत संबंधों का उल्लेख भी किया। श्री मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत, अपने इर्द गिर्द पशु पक्षियों से प्यार के साथ रहना सिखाती है।स्टार्ट अप इंडिया के नौ वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की स्टार्टअप संस्कृति बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, आधे से ज़्यादा स्टार्टअप छोटे शहरों में हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला, हिसार, कांगड़ा, बिलासपुर, ग्वालियर जैसे शहर स्टार्टअप के केंद्र बन रहे हैं।श्री मोदी ने कहा कि कचरा प्रबंधन अनवीकरणीय ऊर्जा और बायो प्रौद्योगिकी आदि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन में बड़ी संख्या में स्टार्ट अप देखे जा रहे हैं।